तापमान

अधिकतम 27.9 डिग्री
न्यूनतम 8.9 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 10 नवंबर, 2025

11 पराली जलाने से पर्यावरण को नुकसान



12 दादा कुशहाल दहिया का इतिहास गौरव का प्रतीक



## खबर संक्षेप

### नाबालिग को अगवा करने का आरोपी काबू

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अगवा करने की घटना मे संलिप्त आरोपित गांव भावड़ निवासी अमरजीत उर्फ साहिल पुत्र राजकुमार को गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने 6 नवम्बर को थाना बरोदा में शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी को अगवा किया गया है। थाना बरोदा की अनुसंधान टीम मे नियुक्त सहायक उप निरिक्षक विनोद ने अपनी पुलिस टीम के साथ नाबालिग लडक़ी के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करवाकर, महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

### भाई-बहन पर रॉड व डंडों से हमला किया

**गोहाना।** रामगढ़ गांव में एक घर में घुसकर महिला व उसके भाई की रॉड व डंडों से पिटाई की गई। महिला ने चार लोगों पर मारीपट करने का आरोप लगाया है। सदर थाना में आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। महिला कमलेश ने पुलिस को बताया कि करीब डेढ़ साल पहले उसके पति का बीमारी के चलते निधन हो चुका है। इसके बाद उसने अपने घर में सीसीटीवी लगवाए थे। आरोप है कि मुन्ना ने 8 नवंबर को सीसीटीवी के साथ तोडफ़ोड़ की। इसको लेकर उसने अपने भाई सतीश को फोन करके बुला लिया। इस पर मुन्ना, काला, भोला व एक महिला ने उसके घर के अंदर उस पर व उसके भाई पर रॉड व डंडों से हमला कर दिया। उन्होंने शोर मचाया तो सभी आरोपित उन्हें जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। इसके बाद दोनों भाई-बहन इलाज के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचे, जहां से उन्हें बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीण से नकदी व मोबाइल फोन छीना

**गोहाना।** खानपुर कलां गांव के नजदीक एक ग्रामीण से दो मोबाइल व 2 हजार रुपए छीने गए। ग्रामीण ने सदर थाना गोहाना में शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। खानपुर कलां गांव निवासी वकील ने पुलिस को बताया कि वह 5 नवंबर को करीब 10 बजे गोहाना में अपनी गाड़ी का काम कराने के लिए आया था। इसके बाद वह गोहाना से अपने गांव वापस जा रहा था। जब वह रास्ते में गांव के पास एक निजी स्कूल के सामने लघुशंका के लिए उतरा तो अचानक से एक स्विफ्ट कार में चार-पांच लडक़े आए। वे उसके दो मोबाइल व 2 हजार रुपए छीन कर ले गए। वह अब तक युवकों को ढूंढता रहा लेकिन सुराग न लगने पर पुलिस को शिकायत दी।

### नाबालिग को अगवा करने वाला गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सिविल लाईन सोनीपत की पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अगवा करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोहम्मद अनश पुत्र गुलफाम निवासी बागपत उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गत 7 नवम्बर को जिला सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने थाना सिविल लाईन सोनीपत में शिकायत दी कि 6 नवम्बर को सुबह उसकी नाबालिग बेटी घर से स्कूल के लिये गई थी लेकिन वह स्कूल नही पहुंची। उसने शक जताया कि उसकी नाबालिग बेटी को किसी ने जबरदस्ती अगवा कर लिया है। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं, पोक्सो व किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत थाना सिविल लाईन सोनीपत में अभियोग अंकित किया गया था। उप निरिक्षक वनीत ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### उत्तर-पश्चिमी हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज, सर्दी की दस्तक

# 11 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा प्रदूषण से राहत नहीं, एक्यूआई 324 पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

उत्तर-पश्चिमी दिशा से चल रही ठंडी हवाओं ने जिले सहित पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मौसम का रुख बदल दिया है। सुबह और रात के समय अब ठंड स्पष्ट रूप से महसूस की जाने लगी है। दिन का तापमान भी लगातार गिरावट दर्ज कर रहा है, जिससे लोगों ने हल्के गर्म कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। वहीं दूसरी ओर प्रदूषण स्तर भी लगातार बहुत खराब की श्रेणी में बना हुआ है। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी बनी हुई। रविवार को सोनीपत का अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 17 और 21 नवंबर को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा, जिससे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी बढ़ सकती है और इसका असर मैदानी इलाकों में शीतलहर के रूप में देखने को मिलेगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि सप्ताह के अंत तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक और गिरावट संभव है। एक ओर जहां ठंडी हवाओं ने सर्दी की शुरुआत का संकेत दे दिया है, वहीं प्रदूषण की समस्या अब भी बनी हुई है। लेकिन मौसम में आए इस बदलाव ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। आगामी दिनों में तापमान में और गिरावट के साथ ही सर्दी का असर और गहराने की उम्मीद है।

**गेहूं की बुआई ने पकड़ी रफ्तार, ठंड पकड़ेगी रफ्तार**

#### पहाड़ों की ठंड दिखा रही है असर

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अभी वातावरण शुष्क बना हुआ है, लेकिन पहाड़ों में बढ़ती ठंड और हवाओं की दिशा बदलने से इसका असर मैदानी इलाकों में भी दिखने लगा है। सर्दी के मौसम की दस्तक के साथ ही सुबह-शाम सिहरन बढ़ गई है। हालांकि अभी तक ठंड का असर इतना नहीं कि कोहरे की स्थिति बने, लेकिन हवा में ठंडक और नमी दोनों का मिश्रण महसूस किया जा रहा है। तापमान में गिरावट के बावजूद वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है। रविवार को सोनीपत का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 251 दर्ज किया गया, जो लगातार तीसरे दिन 'खराब श्रेणी' में रहा। वहीं निजी वेबसाइटों पर यह आंकड़ा 324 तक दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों के अनुसार 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाएं भी प्रदूषण के स्तर में कोई खास सुधार नहीं कर पा रही हैं। धूल, धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के कारण वातावरण में सूक्ष्म कणों की मात्रा बढ़ी हुई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों को सलाह दी है कि सुबह और शाम के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और सांस संबंधी परेशानियों से बचने के लिए मास्क का प्रयोग करें।



#### आने वाले दिनों में शीतलहर सताएगी

उत्तर-पश्चिमी हवा लगातार चल रही हैं, जिससे तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में शीतलहर का प्रभाव और बढ़ सकता है। तेज हवा के कारण एक्यूआई में सुधार हो सकता है। इससे लोगों को प्रदूषण से राहत मिलने की आसार बन सकते है।

-डॉ. प्रेमदीप, मौसम विशेषज्ञ केवीके सोनीपत

### ठंडी हवा चलने से किसानों के चेहरों पर मुस्कान, रबी की फसल की तैयारी तेज



जहां आम जनजीवन में ठंड ने असर दिखाना शुरू किया है, वहीं किसानों के लिए यह मौसम राहत लेकर आया है। तापमान में आई गिरावट से गेहूं की बुआई ने रफ्तार पकड़ ली है। कृषि विभाग के अनुसार अब तक जिले में 50 हजार हैक्टेयर से अधिक भूमि में गेहूं की बुआई पूरी हो चुकी है। हर साल जिले में लगभग 1 लाख 45 हजार हैक्टेयर भूमि पर गेहूं की फसल बोई जाती है। विभाग का कहना है कि इस बार मौसम की स्थिति फसल के लिए अनुकूल बन रही है, जिससे उपज में बढ़ोतरी की संभावना है। इसके साथ ही सरसों और अन्य रबी फसलों की बुआई भी तेजी से जारी है। किसान संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि ठंड के इस दौर में मिट्टी की नमी बनी रहने से फसलों के अंकुरण के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार हो गया है।

### बनवासा में मोबाइल टावर से 30 बैट्री चोरी





**गोहाना।** बनवासा गांव में एक टावर से 30 बैट्री चोरी कर ली गई। सुपरवाइजर ने बरोदा थाना में शिकायत दी। पानीपत के आदियाना गांव निवासी संदीप ने पुलिस को बताया कि वह आरएस कंपनी में रोहतक में सुपरवाइजर तैनात है। जिला सोनीपत व पानीपत में मोबाइल टावर उसकी देखरेख में आते हैं। उसे 8 नवंबर को सूचना मिली कि बनवासा गांव में लगे टावर से 30 बैट्री चोरी कर ली हैं। इस पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### बाइक चोरी के मामले में दो गिरफ्तार, केस दर्ज

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपित गांव माहरा निवासी हिमांशु पुत्र सतबीर व राहुल पुत्र दिलबाग को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। गोहाना के मुगलपुरा निवासी जतिन पुत्र जगदीश ने 29 अक्तूबर को थाना शहर गोहाना मे मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत दी थी। जतिन की सब्जी मंडी गोहाना में फलों की दुकान की हुई है। उसने 24 अक्तूबर की सायं दुकान के सामने रामलीला ग्राउंड मे मोटरसाइकिल खडी की थी जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। पुलिस ने घटना में संलिप्त उक्त दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित हिमांशु से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपितों को रिमांड अवधि के बाद न्यायालय मे पेश करके उसके आदेशानुसार उनको न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।



**पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया न्यायिक हिरासत में भेजा**

### प्रशासन की सख्ती, कृषि विभाग की टीमें सक्रिय

## पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज, जुर्माना भी लगाया हरसेक से रिंढाणा में मिली थी आगजनी की लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा गांव रिंढाणा के एक किसान पर धान की पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज करवाई गई है। किसान पर 5 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। हरसेक कैमरे से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को गांव रिंढाणा में धान की पराली जलाने की लोकेशन प्राप्त हुई थी। इसके बाद जांच के लिए विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम को एक एकड़ की पराली जली हुई मिली। इस आधार पर सुपरवाइजर मनीषा ने किसान पर 5 हजार रुपये जुर्माना किया। किसान के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई गई। अब किसान दो साल तक एमएसपी पर अपनी फसल भी नहीं बेच पाएगा। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक क्षेत्र में पराली जलाने की सात लोकेशन प्राप्त हो चुकी हैं।

■ किसान दो साल तक एमएसपी पर फसल नहीं बेच पाएगा



पराली जलाने पर विभाग द्वारा किसान पर तीन तरह से जुर्माना लगाने का प्रावधान है।

## बिजेंद्र खत्री बने 360 जटवाड़ा खत्री खाप के प्रधान



**सोनीपत।** जटवाड़ा क्षेत्र के शिवालय मन्दिर में 360 जटवाड़ा खत्री खाप की सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मिती से बिजेंद्र खत्री को 360 जटवाड़ा खत्री खाप का प्रधान चुना गया। पूर्व प्रधान राजेन्द्र खत्री ने नवनियुक्त प्रधान का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। बिजेंद्र खत्री पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर पद से रिटायर्ड अधिकारी हैं। सभा की अध्यक्षता प्रकाश खत्री ने की। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान ने कहा कि वे बुजुर्गों के मान सम्मान का ध्यान रखते हुए खत्री खाप का ध्यान रखेंगे व सामाजिक कार्य करते हुए खत्री खाप का समाज में मान सम्मान बढ़ाएंगे। इस अवसर पर दोनों जगबीर नम्बरदार, मीनू नम्बरदार, कंवल खत्री, जसबीर खत्री, महेन्द्र मुंशी, महताब खत्री, ईश्वर खत्री, सतेंद्र, प्रदीप, जगदीप, अशोक खत्री व अन्य मौजूद रहे।

## अनुष्का शर्मा ने नेशनल स्कूल बॉक्सिंग में जीता कांस्य पदक



**सोनीपत।** अरुणाचल प्रदेश ईटानगर में 69 वें नेशनल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न बॉक्सरों ने हिस्सा लिया। हैप्पी चाईल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महलाना रोड अकैडमी की अनुष्का शर्मा ने भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अनुष्का ने अंडर 17 के 80 प्लस किलोग्राम भार वर्ग बॉक्सिंग में अरुणाचल प्रदेश ईटानगर में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर के मध्य हुई प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाते हुए अनुष्का नेअपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित करते हुए इस चैंपियनशिप में कांस्य पदक पर कब्जा किया। कोच नितेश दहिया व दिक्षा दहिया अनुष्का की इस विजय का श्रेय उनकी लगन और खेल भावना को दिया। विद्यालय पहुंचने पर संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र बाल्यान, प्राचार्या सुदेश बाल्यान व निदेशका तमन्ना निझावन ने विजेता अनुष्का का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर अन्य स्कूल सदस्य भी उपस्थित रहे।

### आर्य समाज बड़ा बाजार सोनीपत का 109वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न

## वेद प्रचार से ही विश्व में शांति और कल्याणकारी वातावरण संभव

**महर्षि दयानंद सरस्वती ने पूरे विश्व को वेद विद्या के महत्व से परिचित कराया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

आर्य समाज शहर बड़ा बाजार, सोनीपत का 109वां वार्षिकोत्सव रविवार को शांति पाठ और प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर आयोजित सभा में वैदिक प्रवक्ता और आर्य जगत के प्रामाणिक इतिहासविद प्राध्यापक राजेन्द्र जिज्ञासु (अबोहर) ने आर्य समाज की गौरव गाथा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि वेदानुसार जीवन प्रणाली के कारण भारत कभी विश्व गुरु कहलाता था। महर्षि दयानंद सरस्वती ने वेदों का पुनरुद्धार कर आर्य समाज की स्थापना की और पूरे विश्व को वेद विद्या के महत्व से परिचित कराया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध युवा आर्य भजनोपदेशक पंडित ओमवीर (बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश) ने अपने प्रभावशाली भजनोपदेशों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर किया।

■ पंडित ओमवीर ने अपने प्रभावशाली भजनोपदेशों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर किया



#### वार्षिकोत्सव में 'पगडंडी और पड़ाव' का विमोचन

इसी अवसर पर स्वर्गीय जैमिनि सरशार की कविताओं पर आधारित पुस्तक 'पगडंडी और पड़ाव' का विमोचन भी किया गया। इस पुस्तक का संकलन और हिंदी लिप्यंतरण डॉ. अलिफ नाजिम (रामपुर, उ.प्र.) ने किया है। विमोचन कार्यक्रम में मुंबई आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री दिलीप वेलाणी, पुस्तक प्रकाशक एडवोकेट जतिंदर गुप्ता (भटिंडा) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं महिला विभूतियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में आर्य श्रेष्ठी महात्मा अशोक गोयल और श्री शांति स्वरूप आर्य 'सरशार' का विशेष सम्मान किया गया। मंच संचालन सुदर्शन आर्य ने किया। आर्य समाज के प्रधान वेदप्रकाश आर्य ने सभी विद्वानों, अतिथियों, सहयोगी सदस्यों एवं महिला विभाग की सभासदों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में दिल्ली, रेवाड़ी, पानीपत, समालखा और नरेला सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विद्यार्थी और नागरिक उपस्थित रहे।

## डॉ. परूथी 10वीं बार बने जीवीएम संस्था और गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

डा. ओपी परूथी को लगातार 10वीं बार श्री सनातन धर्म सभा गीता भवन सोनीपत सिटी रजिस्टर्ड सहित गर्वनिंग बॉडी का प्रधान चुना गया है। इस बार प्रधान सहित संस्था की नई कार्यकारिणी का गठन पूर्णतः लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध रूप से चुना गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने एकता और सेवा की भावना के साथ संगठन को नई दिशा देने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी के गठन पर संस्था के वरिष्ठ सदस्यों व पदाधिकारियों ने सभी को बधाई दी और विश्वास जताया कि नई टीम के नेतृत्व में संस्था और अधिक सशक्त व जनहितकारी भूमिका निभाएगी। चुनाव प्रो.रणदीप राणाविश्वविद्यालय पर्यवेक्षक और तराना नामांकित उच्चतर शिक्षा निदेशालय की देखरेख में सर्व सम्मति से संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष पद डा. ओपी परूथी को सर्वसम्मति से चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में रवि गांधी, जबकि महामंत्री (जनरल सेक्रेटरी) के पद पर सुभाष डोडा निर्वाचित हुए। इसके अलावा कोषाध्यक्ष का दायित्व राजेश रेलन को सौंपा गया। सभी पदाधिकारी निर्विरोध रूप से चुने गए। गवर्निंग बॉडी में भी सभी सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। इनमें हर गोबिंद अरोड़ा, गौरव कुमार, विनय रेलन, रविंदर जग्गा, मेहुल डोडा, नीलम घई और गगन कुमार, विनोद कुमार परुथी, शकुंतला ग़खड़, संजय सेहरा, मनोहर कुमार शामिल हैं। सभी सदस्यों ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

■ श्री सनातन धर्म सभा गीता भवन सोनीपत सिटी रजिस्टर्ड संस्था की कार्यकारिणी का हुआ निर्विरोध गठन





# 5 दिसंबर को रिलीज होगी स्पाई थ्रिलर एक्शन फिल्म धुरंधर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म धुरंधर इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक और पोस्टर जारी किया है। । 'धुरंधर'5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा कुछ तो सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। मेकर्स ने फिल्म से अर्जुन रामपाल के फर्स्ट लुक के बाद अब आर माधवन का लुक भी जारी कर दिया है। इस फर्स्ट लुक में आर माधवन को कर्म के सारथी के रूप में दिखाया गया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने कॅरियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर।

जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। इसके बाद तो वह ह्यूमन, डार्लिंग्स, जलसा और थ्री ऑफ अस जैसी हर फिल्म, हर सीरीज से दर्शकों के दिल में अपनी छाप मजबूत करती गईं। 'दिल्ली क्राइम 2' के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है। शेफाली बताती हैं, 'मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा।



हॉलीवुड मसाला

# सबसे अधिक नौ नॉमिनेशन



**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। इसमें रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नॉमिनेशन मिले हैं। लिस्ट में लेडी गागा से लेकर जस्टिन बीबर तक का नाम है, लेकिन टेलर स्विफ्ट को एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। अगले साल 1 फरवरी, 2026 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरिना में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। शुक्रवार को ऐलान हुए ग्रैमी नॉमिनेशन में रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नामांकन मिले हैं।



# फिर से करेंगी वकील बनने की तैयारी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन इन दिनों वकील बनने की तैयारी कर रही हैं। किम कार्दशियन ने हाल ही में अपनी कैलिफोर्निया बार परीक्षा के परिणाम के बारे में बताया, जिसमें वो असफल हो गई हैं। हालांकि इस हार से वो परेशान नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई करेंगी और इस परीक्षा को दोबारा देंगी। किम कार्दशियन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वकील नहीं हूं, बस टीवी पर अच्छे कपड़े पहनकर वकील का किरदार निभाती हूं। इस वकालत के सफर में छह साल हो गए हैं, जब तक मैं बार की परीक्षा पास नहीं कर लेती, मैं पूरी तरह से इसमें लगी हुई हूं। कोई शॉर्टकट नहीं, कोई हार नहीं बस और ज्यादा पढ़ाई और और भी ज्यादा दृढ़ संकल्प की जरूरत है।'



# जूडी हॉप्स के किरदार को हिंदी में दी आवाज


**मुंबई।** श्रद्धा कपूर हॉलीवुड फिल्म 'जूटोपिया 2' के कारण चर्चा में हैं। वो इस फिल्म के सबसे प्यारे किरदार जूडी हॉप्स की आवाज बनेंगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ये फिल्म इसी महीने थिएटर्स में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। 'जूटोपिया 2' के ट्रेलर से पता चलता है कि जूडी और निक की कहानी एक बार फिर रोमांचक, मजेदार और दिल को छू लेने वाली होगी। जूटोपिया की इस रंगीन दुनिया में इस बार नए चैलेंज, समझदारी भरा ह्यूमर और वही खास इमोशनल गहराई है, जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में हिट बनाया था। फिल्म में हिंदी में श्रद्धा कपूर ने जूडो को आवाज दी है। फैंस ने कहा कि एक्ट्रेस की आवाज जूडी हॉप्स के किरदार में बिल्कुल सही बैठती है।



# बीएसएफ की जम्मू मैराथन में हुए शामिल...

**मुंबई।** बीएसएफ की जम्मू मैराथन में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिनेता सुनील शेट्टी भी पहुंचे हैं। वह मैराथन इवेंट को लेकर उत्साहित दिखे। साथ ही अभिनेता ने बताया कश्मीर में आने वाले दिनों में फिल्मों की शूटिंग हो सकती है। सुनील ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'लोग मुझे फिल्म 'बॉर्डर' में निभाए भैरों सिंह (आर्मी ऑफिसर) के किरदार की वजह से पहचानते हैं। यह जम्मू में मेरी पहली मैराथन है। उम्मीद है कि आगे भी कई मैराथन होंगी। मेरी कोशिश हर बार आने की रहेगी।'अभिनेता ने बीएसएफ के साहस, देश की सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को भी सराहा। आगे सुनील शेट्टी कहते हैं, 'कश्मीर में हुई मैराथन में भी में गया हूं। जल्द ही विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और एक दोस्त बिनॉय गांधी हैं, जो इसी साल कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे।

टीवी मसाला



# सलमान ने दिखाया मृदुल का असली चेहरा, सुनते ही उड़ गए होश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में फरहाना भट्ट बुरी तरह टूट चुकी हैं। वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनकी कही हर बात से उनका सामना कराया। साथ ही फरहाना ने शो पर माफी भी मांग कि उन्होंने जो कहा उसके लिए वह पछता रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि क्या मैं इतनी बुरी हूं। लेकिन, मृदुल की तो सलमान खान ने खूब क्लास लगाई। जैसे-जैसे फिनाले करीब आ रहा हैं।शो में सभी लोगों का अलग रूप देखने को मिल रहा हैं। जहां गौरव खन्ना का फरहाना पर गुस्सा फूटा वहीं, मृदुल का भी एक अलग रूप घर में अब नजर आने लगा हैं। मृदुल को तो सलमान ने चेतावनी तक दे डाली हैं। वीकेंड के वॉर में सलमान ने बताया कि कैप्टेंसी टास्क के दौरान मृदुल ने फरहाना को ऐसा धक्का मारा कि वह अनबैलेंड हो गईं। इसके बाद तो कुछ ऐसा हुआ कि वह शो में दिखाया ही नहीं गया। वो सीन महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कैटेगरी में आता था। सलमान ने उसी बात को याद करते हुए, 'टास्क के दौरान मृदुल ने एक लड़की को इस तरह धकेला कि वह और कोहनी मारी कि हम वो वीडियो एपिसोड में डाल ही नहीं पाए। क्योंकि, यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानी जाती हैं।'सलमान खान ने अपनी बातचीत में मृदुल से कहा कि ने उन्होंने फरहाना को धमकी भी दी थी अगर दोबारा तुमने मुझे धक्का मारा तो मैं तुम्हें खींचकर मारूंगा। इसके बाद सलमान ने उन्हें चेतावनी भी दी कि 'अगली बार ऐसा कुछ करना, करके देख लेना मृदुल। एक बार आप ऐसा करके देखों फिर देखों क्या होता है। अगर जो दिख रहा है वो तुम हो तो शो के शुरुआत में जो मासूम दिख रखा था, वो क्या था?

## 'तारक मेहता' में 8 साल बाद होगी टप्पू की वापसी!



**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे लोकप्रिय और लंबे समय से चल रहा शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय एक्टर भव्य गांधी हैं। उनके किरदार टप्पू की आज भी बात होती है और उनके शो में वापस आने की खबरें जोरों पर बैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भव्य ने शो में अपनी वापसी को लेकर एक अहम बयान दिया, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। भव्य गांधी ने 2008 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू के किरदार से एंट्री की थी। अपनी मासूमियत और एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। वह लगभग 7 साल तक शो का हिस्सा रहे और 2017 में शो को अलविदा कह दिया। उनके जाने से दर्शक काफी निराश हुए, क्योंकि टप्पू का किरदार शो की जान माना जाता था। भव्या के जाने के बाद पहले यह रोल राज अनादकट ने निभाया था और अब नितेश भुलानी निभा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शो में वापसी करना चाहेंगे, तो भव्य ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, क्यों नहीं? मैं जरूर शो में वापसी करना चाहूंगा। अगर मैं वापस लौटता हूं, तो यह मेरी लाइफ का क्लोजर होगा।'

# अनुष्का की 'चकदा एक्सप्रेस' से 7 साल बाद पर्दे पर वापसी

**मुंबई।** साल 2018 में आई 'जीरो' के बाद बड़े पर्दे से दूर रहीं अनुष्का की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल, खबर है कि निर्माताओं ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की गुजारिश की है। उनका कहना है कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी पर बनी ये बायोपिक दर्शकों तक पहुंचनी चाहिए और किसी विवाद या अड़चन से ऊपर उठकर फिल्म को रिलीज किया जाना चाहिए। बॉलीवुड की वो खूबसूरत अदाकारा जिसकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। एक्ट्रेस ने शाहरुख खान के साथ फिल्मी पर्दे पर कदम रखा था। इस हसीना के कॅरियर की पहली ही फिल्म यशराज बैनर्स तले बनी थी जो बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस का ख्वाब होता हैं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में किस्मत आजमाई और वहां भी खूब सफलता हासिल की, लेकिन कॅरियर के पीक पर हसीना ने शादी कर फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया और अब 7 साल बाद उनके कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ये खूबसूरत अदाकारा जिसकी आज बात कर रहे हैं वो अनुष्का शर्मा हैं।



***सलमान , शाहरुख और आमिर के साथ दीं फिल्में :*** साल 2010 में एक्ट्रेस रजनीश शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। अनुष्का और रणवीर की केमिस्ट्री को फिल्म में काफी पसंद किया गया और दूसरी ही फिल्म सेउनके कॅरियर ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी। एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अनुष्का ने कुछ ही समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ फिल्में दीं। एनएच 10, सुल्तान, पीके, संजू, सुई धागा, परी जैसी फिल्मों की सफलता से अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस को टक्कर देकर टॉप हीरोइनों की बीच अपनी जगह बनाई।

***शादी के बाद फिल्मी पर्दे से चलीं गईं दूर :*** विराट कोहली के साथ परिणय सूत्र में बंधते ही अनुष्का फिल्मी पर्दे से धीरे-धीरे दूर होती चलीं गईं। उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। कपल ने साल 2021 में अपनी पहली बेटी वामिका का स्वागत किया और पिछले साल दोनों ने अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। अब 7 साल पर्दे से दूर रहने के बाद एक बार फिर अनुष्का शर्मा के कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# महेश बाबू और राजामौली की साथ में पहली फिल्म

**मुंबई।** महेश बाबू और राजामौली की साथ में एसएसएमबी 29 पहली फिल्म है और इसी वजह से फैंस का उत्साह चरम पर है। एस एस राजामौली बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला चुके हैं। वहीं, महेश बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक माने जाते हैं। दोनों का साथ आना फैंस के लिए किसी बड़े सिनेमाई त्योहार से कम नहीं है। इस फिल्म की पहली झलक 15 नवंबर को होने वाले ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में दिखाई जाएगी। इस मेगा इवेंट के आयोजन की तैयारी जोरों पर है और फैंस के बीच काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह खास इवेंट हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। 'ग्लोब ट्रॉटर' को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े लॉन्च इवेंट्स में से एक बताया जा रहा है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि सिर्फ सात दिन में शुरू होगा- भारत का सबसे ऐतिहासिक ग्लोबल लॉन्च इवेंट'। वहीं, सुपरस्टार महेश बाबू ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए



लिखा- 15 नवंबर के लिए गिनती शुरू हो चुकी है, मिलते हैं एक ऐतिहासिक पल के साथ।' फिल्म एसएसएमबी 29 की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ प्रियंका चोपड़ा फीमेल लीड के रूप में शामिल हैं। विलेन के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन का अहम किरदार रहेगा।

## 1999 में मिला गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर कमाए थे 30 रुपए, अब उनके नाम हैं 5 नेशनल अवॉर्ड

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड में एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। आज वह लगभग 200 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। उनका ताल्लुक रचनात्मक घराने से रहा है। अपने संघर्ष के दिनों में उन्होंने कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर 30 रुपए कमाए थे।*



### पिता थे मशहूर कवि

हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह शबाना आजमी हैं। 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में जन्मी शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी एक मशहूर कवि और गीतकार थे। उनकी मां शौकत आजमी रंगमंच अभिनेत्री थीं। ऐसे रचनात्मक माहौल में पली-बढ़ीं शबाना अभिनय की ओर आकर्षित हुईं। समय के साथ, वह भारत की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। शबाना आजमी भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा हैं। अपने संघर्ष के दिनों में, उन्होंने एक बार अपने अभिनय संस्थान की तरफ से आयोजित एक चैरिटी अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर कॉफी बेची और अपनी पहली तनख्वाह के रूप में 30 रुपए कमाए।

### अंकुर से की कॅरियर की शुरुआत

आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने अर्थ, खंडहर और पार में अपने अभिनय के लिए लगातार तीन वर्षों, 1982 से 1984 तक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। 1999 में, उन्हें गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

### 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

पांच दशकों से भी ज्यादा के करियर में, शबाना आजमी ने कई भाषाओं और शैलियों की 150 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। अभिनय के अलावा, वह महिला अधिकारों की एक प्रमुख आवाज हैं। उनका वकालत का काम अक्सर उनकी कला से जुड़ा होता है। वह अपने मंच का उपयोग बदलाव लाने के लिए करती हैं।

### 200 करोड़ रुपए की संपत्ति

1984 में, शबाना ने दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर से शादी की। पहले जावेद की शादी अभिनेत्री और लेखिका हनी ईरानी से हुई थी। जावेद और हनी के दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। इस जोड़े ने बच्चे न होने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शबाना आजमी की कुल संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भारतीय सिनेमा में उनके प्रभाव और सफलता को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप

### मूलभूत सुविधाओं के अभाव से आढ़ती परेशान

**बहादुरगढ़।** शहर की सब्जी मंडी में आमजन के लिए मूलभूत सुविधाएं नहीं होने के कारण आढ़ती वर्ग भी परेशान है। इसे लेकर सब्जी मंडी प्रधान भूपेंद्र सैनी व पुनीत सैनी ने हरियाणा सरकार में मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात की। उनके अनुसार बहादुरगढ़ सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। शौचालय व्यवस्था का बुरा हाल है। पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। बरसाती पानी की निकासी का कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ है। आढ़तियों की दुकानों के पीछे वाला रास्ता गंदगी से हटा है।

### लोवा खुर्द में खेत से मोटर चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव लोवा खुर्द के खेतों में चोरी हो गए। यहां चोर सोलर मोटर पर हाथ साफ कर गए। वारदात कृष्ण कुमार के खेत में हुई है। जब वह खेत में गया तो वारदात का पता चला। अपने स्तर पर जांच की लेकिन चोरों का सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुराना बस स्टैंड रोड पर मां भगवती जागरण आज

**झज्जर।** पुराना बस स्टैंड मार्ग पर नव निर्माण युवा जाटव सेवा समिति द्वारा सोमवार को मां भगवती के बारहवें विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति प्रवक्ता हितेश निगम ने बताया कि जागरण में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ जहां ज्योति प्रचंड करेंगे वहीं मुख्यातिथि के रूप में भाजपा नेता मनीष बंसल तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी व जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना को आमंत्रित किया गया है। मंच संचालन मनोज सोनी द्वारा किया जाएगा। जागरण में मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

### मां भगवती का वार्षिक जागरण 28 को

**बहादुरगढ़।** मां भगवती युवा मित्र मंडल की ओर से आगामी 28 नवंबर को शहर में वार्षिक मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। रेलवे रोड स्थित पुराना वैश्य हाई स्कूल में आयोजित इस जागरण में जयपुर की साक्षी अग्रवाल, दिल्ली के शीतल पांडे, हेमंत ठाकुर, रोहद के धर्मेश दर्शन, बहादुरगढ़ के सुरेंद्र पंकज अपने भजनों से मां की महिमा का गुणगान करेंगे। बेरी धाम के कुलदीप वशिष्ठ, बालाजी धाम बहादुरगढ़ के गणेश महाराज, शीतला माता मंदिर गुरुग्राम के हरिओम भारद्वाज के सानिध्य में यह कार्यक्रम होगा। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह, विधायक राजेश जून, चेयरपर्सन सरोज राठी, सेवामूर्ति दिनेश मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किए गए हैं।

### चोरी के आरोप में घरेलू सहायिका-जौहरी धरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार इलाके में एक घर में चोरी के आरोप में घरेलू सहायिका सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान घरेलू सहायिका नूर बानो (36) और जौहरी हसन अली के रूप में हुई है।

*प्रदूषण मुक्त खेतों पर विधिक जागरुकता कैंप का आयोजन*

# पराली जलाना दंडनीय अपराध 30 हजार तक जुर्माने का प्रावधान

*पराली जलाने के कानूनी व पर्यावरणीय दुष्परिणामों की दी जानकारी*

**पराली न जलाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा गांव भटगांव डुंगरान की चौपाल पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता इरा रानी और कृषि विभाग से डॉक्टर अजय देशवाल व नीतिन त्यागी ने भाग लिया। अधिवक्ता इरा रानी ने ग्रामीणों को नालसा और हालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि तीन लाख रुपये से कम आय वाले व्यक्ति निःशुल्क पैनल अधिवक्ता की सहायता ले सकते हैं। कृषि विभाग के विशेषज्ञों ने पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण और कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पराली जलाना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए 5,000 से 30,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। किसानों को पूसा डीकंपोजर, कंपोस्ट और वर्मी कम्पोस्ट जैसे विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने पराली न जलाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



सोनीपत। शिविर में जागरुक करते अधिवक्ता एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि


गोहाना। पुराने पौधों की देखभाल करते संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### 15 पौधे रोपे

**गोहाना।** रविवार को समाज कल्याण संगठन ने अपने साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत आंवला, सिल्वर औंक चम्पा और गुड़हल के 15 पौधे रोपे। पौधारोपण शहर में पुराना बस अड्डा, देवीलाल चौक और छोटूराम चौक में किया गया। संगठन द्वारा गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के अभियान के तहत सप्ताह के प्रत्येक रविवार को शहर में सडकों के किनारे, सार्वजनिक स्थलों और सरकारी कार्यालयों के परिसर में पौधारोपण किया जाता है। इस अभियान के तहत संगठन द्वारा पानीपत रोड के साथ नए पौधे रोपे और सुरक्षा की दृष्टि से उनको ट्री गार्डों में संरक्षित किया गया। संगठन की टीम ने पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई भी की। संगठन के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से अधिकाधिक पौधे रोपने की अपील की। इस अभियान के तहत संगठन द्वारा पानीपत रोड के साथ नए पौधे रोपे और सुरक्षा की दृष्टि से उनको ट्री गार्डों में संरक्षित किया गया। संगठन के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से अधिकाधिक पौधे रोपने की अपील की।पौधारोपण में मनोज प्रजापति, डॉ. बिजेंद्र, सुनील, हरीश, पवन, बलजीत जांगड़ा, अभिमन्यु, प्रवीन, मुकेश और राजेश ने अपनी सेवाएं दी।

# पूर्व राष्ट्रपति आर नारायणन का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक : पौड़िया

*आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा ने पुण्यतिथि पर किया याद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

महम मार्ग स्थित गांधीनगर की रविदास चौपाल में रविवार को स्व. आर नारायणन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने आर नारायणन के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे के जिला कार्यकारिणी के सदस्य सतवीर पौडिय़ा ने कहा कि केरल के एक साधारण परिवार में आने वाले नारायणन में अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद तक का सफर तय किया।


गोहाना। पूर्व राष्ट्रपति आर नारायणन को नमन करते मोर्चा के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

यह यात्रा भारत के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनी। राजनीति में आने से पहले वे पत्रकार थे। वे 1997 में भारत के पहले दलित राष्ट्रपति बने जिसने देश के राजनीति और सामाजिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा की आर नारायणन ने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल में संवैधानिक मर्यादाओं का शक्ति से पालन किया और पद की स्वतंत्रता व गरिमा को बनाए रखा। उन्होंने दलित एवं पिछड़े वर्गों तथा महिलाओं के अधिकारों की आवाज उठाई। समारोह में प्रेम सिंह धानिया, विनोद रंगा, पूर्णमल चहल, धर्मपाल ग्रोवर, विनोद शर्मा, सोमदत्त, सुनील, मोहित, बंटी व तेजपाल विशेष रूप से मौजूद थे।


गन्नौर। नवनियुक्त भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष का स्वागत करते ब्लाक समिति चेयरमैन अनिल।

### एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष का स्वागत

गन्नौर। वाल्मीकि समाज द्वारा रविवार को गन्नौर में भारतीय जनता पार्टी के एससी मोर्चा सोनीपत के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया। शमशेर सिंह ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान और संगठन को मजबूत बनाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, एससी मोर्चा जिला सचिव नरेश, उपाध्यक्ष अमित, नीरज कुमार, मंडल अध्यक्ष बाबी हठवाल, लजा प्रधान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधायक ने लिया विकास कार्यों का जायजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के नरेला क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति को लेकर रविवार को नरेला से भाजपा विधायक राजकरण खत्री ने पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान विजय चौक (जुलाहा वाली गली) और रविदास नगर के आसपास हो रहे निर्माण और सुधार कार्यों की स्थिति का विस्तार से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की गुणवत्ता, गति और जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों से चर्चा की गई। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए और क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों के अनुसार आवश्यक संशोधन या समायोजन किए जाएं।

# आपसी रंजिश में छह साल के बच्चे का अपहरण कर मारपीट, आरोपी दबोचा

*गहन तलाश अभियान के बाद बच्चे को बचा लिया*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सुभाष प्लेस इलाके में आपसी दुश्मनी की वजह से छह साल के बच्चे का कथित तौर पर अपहरण करने और उससे मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आरोपी 23 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी शकूरबस्ती निवासी मोहम्मद समीम को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पकड़ लिया गया और गहन तलाश अभियान के बाद बच्चे को बचा लिया गया। उसने बताया कि चार नवंबर तड़के 3.18 बजे पीसीआर कॉल आई, जिसमें सुभाष प्लेस इलाके से छह साल के बच्चे के अपहरण की सूचना दी गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बच्चे की मां ने बताया कि उसका बेटा तीन नवंबर की शाम करीब सात बजे पास की एक दुकान पर गया था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। उसे शक हुआ कि किसी ने उसका अपहरण कर लिया है, इसलिए उसने पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की और एक टीम ने तलाश अभियान शुरू किया तथा आस-पास की गलियों और दुकानों के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। अधिकारी ने बताया कि इसी के साथ लापता बच्ची की तस्वीरें स्थानीय पुलिसकर्मियों और पड़ोसी थानों में भी प्रसारित की गईं। उन्होंने बताया कि तलाश के दौरान लड़का रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में घायल अवस्था में मिल।

# गांधी जी के विचारों पर चलकर समाज सेवा में योगदान दें


खरखौदा। गांव में पहुंचने पर पूर्व मंत्री विजय गोयल का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

**खरखौदा।** आनंदपुर झरोठ गांव में आयोजित लाल बाबा कार्यक्रम में गांधी स्मृति के वाइस चेयरमैन एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक किट, बिस्किट और चॉकलेट आदि वितरित किए और उन्हें शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। गोयल ने कहा कि युवा पीढ़ी को गांधी जी के विचारों पर चलकर समाज सेवा में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में विधायक पवन खरखौदा, ब्लॉक समिति अध्यक्ष सत्येंद्र उर्फ सत्ते रोहट, पूर्व अध्यक्ष राजबीर दहिया, सरपंच प्रहलाद सिंह और रेनू सहित काफी ग्रामीण उपस्थित रहे। गांव की ओर से बैंक की सुविधा की मांग भी रखी गई, ताकि लोगों को खरखौदा या सोनीपत न जाना पड़े। उन्होंने आश्वस्त किया कि गांव के विकास के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

# ठेका सफाई कर्मचारियों ने की जमकर नारेबाजी

*आरोप- शासन और प्रसासन हटाए कर्मचारियों की सुध नहीं ले रहा*

*कार्मिक भूख हड़ताल चौबीस घंटे अमरण अनशन में बदल जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महसंघ सहयोग बली सेना सोनीपत यूनियन का धरना रविवार को 39 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान लगातार नौवें दिन भूख हड़ताल भी की गई। भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि शासन व प्रसासन हटाए हुए कर्मचारियों की कोई भी सुध नहीं ले रहा है और ना ही हरियाणा सरकार द्वारा जारी पत्र पर कोई करवाई की जा रही। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की और संचालन सह सचिव युधिष्ठिर ने किया। सफाई कर्मचारियों के बढ़ते शोषण व परेशानियां से दुखी होकर ये कर्मचारी कार्मिक भूख हड़ताल से 24 घंटे अमरण अनशन में बदल जाएगी। आमरण अनशन में सफाई कर्मचारियों की हालत खराब होती है तो इसकी जिम्मेदारी शासन व प्रसासन की होंगी। ये आमरण अनशन जब तक जारी रहेगा जब तक ठेका सफाई कर्मचारियों की लंबित मांगे पूरी नहीं हो जाती है।


सोनीपत। नगर निगम में धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

धरने पर उपप्रधान रविंदर, सचिव सावन कुमार, मिडिया प्रभारी प्रवीण, इंद्रजीत, जयकुमार, जगबीर, सुनिता, सुदेश, सोनू, संदीप, सुमित, सन्नी, राजेश, माया, सुषमा, मंजू आदि आदि मौजूद रहे।

# भूतपूर्व सैनिक संगठन की बैठक में नेवी-डे 7 को मनाने का लिया निर्णय

*संगठन की मासिक बैठक केडी नगर स्थित हॉल में संपन्न*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर की मासिक बैठक केडी नगर स्थित हाल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नायक सूबेदार ओमप्रकाश मलिक ने की, जबकि संचालन कैप्टन सतवीर सिंह दहिया ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन द्वारा नेवी डे कार्यक्रम अब 7 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन दीवान गार्डन, बीएसटी रोड गन्नौर में किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी सदस्य अपने-अपने गांवों और आसपास के क्षेत्रों में इस कार्यक्रम की जानकारी व्यापक रूप से फैलाएं ताकि अधिक से अधिक भूतपूर्व सैनिक और स्थानीय लोग इसमें शामिल हो सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की घोषणा आगामी दिनों में की जाएगी। बैठक में सार्जेंट नफे सिंह, सूबेदार राजपाल, कोप्पल नवीन प्रताप त्यागी, कैप्टन चंद, सूबेदार किशन, रतन मलिक सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

### कार्यक्रम की जानकारी फैलाएं

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन द्वारा नेवी डे कार्यक्रम अब 7 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन दीवान गार्डन, बीएसटी रोड गन्नौर में किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी सदस्य अपने-अपने गांवों और आसपास के क्षेत्रों में इस कार्यक्रम की जानकारी व्यापक रूप से फैलाएं।

# चाकूबाजी की दोहरी वारदात का मामला सुलझा, चार नाबालिग सहित सात पकड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के मंडावली और मधु विहार इलाकों में चाकूबाजी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए चार नाबालिग समेत सात लोगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये घटनाएं मुख्य साजिशकर्ता सुहैल और उसके साथियों द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वी समूह के खिलाफ बदले की भावना से की गई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी उत्तर प्रदेश के बिजनौर भागने वाले थे। पुलिस के अनुसार, चाकूबाजी की पहली घटना आठ नवंबर की रात 10.56 बजे मंडावली के तालाब चौक पर हुई, जहां पांच-छह लोगों ने कथित तौर पर कृष्णा उर्फ किस्सू और उसके दोस्त मोहित पर हमला किया था। कृष्णा की बाईं जांघ पर चाकू से वार किया गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा, ₹इसके तुरंत बाद, लगभग 11.15 बजे चाकू मारने की एक और घटना की सूचना एलबीएस अस्पताल से मधु विहार थाने को मिली, जहां छाती के दाहिने हिस्से में चाकू के कई वार के साथ घायल यश उर्फ पम्मा नामक व्यक्ति को भर्ती कराया गया।₹ पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि दोनों हमले एक ही समूह के हमलावरों द्वारा किए गए थे।

### मामले की जांच जारी

कहा कि इसके बाद दो मामले दर्ज किए गए और जांच शुरू कर दी गई। मामले की जांच के लिए तीन पुलिस टीम गठित की गईं। अधिकारी ने बताया कि टीम ने सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय खुफिया जानकारी और तकनीकी निगरानी के जरिये आरोपियों का पता लगाना शुरू किया। मंडावली के मजबूर कैंप में कई छापे मारे गए, लेकिन शुरुआत में संदिग्ध फरार पाए गए। विशिष्ट सूचना के आधार पर, टीम ने नौ नवंबर को गाजियाबाद के अर्थला में एक घर पर छापा मारा और नाबालिगों सहित सभी सात आरोपियों को उस समय पकड़ लिया, जब वे बिजनौर जाने वाली बस में सवार होने की तैयारी कर रहे थे। अधिकारी ने कहा, ₹आरोपियों की पहचान सुहैल (19), यूसुफ (19) और रिजवान (20) के रूप में हुई और ये सभी मंडावली इलाके के रहने वाले हैं।

**कार्यक्रम** भवन में चल रहे मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने का प्रस्ताव भी पारित किया

*बैठक में समाजहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए*

# अग्रवाल समाज सोनीपत करवाएगा युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दी महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति की आम सभा का आयोजन रविवार को अग्रसेन भवन, सेक्टर-14 सोनीपत में किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के संरक्षक हरिप्रकाश मंगला ने की, जबकि मंच संचालन महामंत्री विकास मंगला द्वारा किया गया।

बैठक में समाजहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। समाज में आजकल बच्चों के विवाह संबंधी रिश्ते न होने की समस्या को देखते हुए निर्णय लिया गया कि 23 नवंबर को अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, ताकि समाज के युवाओं को एक बेहतर मंच मिल सके। इसके साथ ही समिति ने यह भी निर्णय लिया कि जिन परिवारों में आपसी मतभेद या वैवाहिक रिश्तों में दरार आई है, उनके विवादों का समाधान समाज स्तर पर आपसी सहमति से कराया जाएगा। भवन में चल रहे मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। साथ ही कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम को और सशक्त बनाने के लिए मोहित बंसल व एससी गर्ग की अगुवाई में आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।


सोनीपत। बैठक में उपस्थित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधान टीकाराम मित्तल, वरिष्ठ उप-प्रधान एवं मीडिया प्रभारी संजय सिंगला, उप-प्रधान पवन अग्रवाल, महामंत्री ओडी गर्ग, खजांची अशोक गर्ग, मंत्री एडवोकेट अरविंद मित्तल, जन-संपर्क प्रमुख डॉ. राजेश गुप्ता, सतपाल गुप्ता, हरिप्रकाश मंगला बैयांपुर डॉ. सुरेश गोयल, एडवोकेट अजय गर्ग, कपिल गोयल, बिजेंद्र गोयल, तरुण जिंदल, सुरेश गोयल, राजेश मित्तल, अनिल गुप्ता, सीए दीपक गुप्ता, गजेन्द्र मंगला, सुबोध जैन, राकेश गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# दादा कुशहाल दहिया का इतिहास पूरे देश के लिए गौरव का प्रतीक : गहलावत

- 14 को शहीद दादा कुशल सिंह दहिया के होने वाले बलिदान दिवस कार्यक्रम का दिया निमंत्रण
- विधायक कृष्णा गहलावत व मुख्यमंत्री के ओएसडी बड़खालसा मनौली गांव में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

गांव मनौली में रविवार को विधायक कृष्णा गहलावत व मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बडख़ालसा ने आगामी 14 नवंबर को राई स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले महाबलीदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस समारोह का निमंत्रण दिया। ग्रामीणों ने दोनों का फूलमालाओं से स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि दादा कुशहाल सिंह दहिया ने औरंगजेब जैसे अत्याचारी शासक के सामने सिर न झुकाकर अपने प्राणों की आहुति दी थी।


राई। विधायक कृष्णा गहलावत व मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बडख़ालसा कार्यक्रम का निमंत्रण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मातृभूमि की रक्षा के लिए दिया बलिदान

दादा कुशहाल दहिया का बलिदान न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे वीर सपूतों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम, साहस और बलिदान का संदेश देते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे 14 नवंबर को परिवार सहित राजीव गांधी विश्वविद्यालय में पहुंचें। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों और वीरों की स्मृति को सहेजने के लिए लगातार कार्य कर रही है। ओएसडी विरेन्द्र बढख़ालसा ने कहा कि शहीद दादा कुशल सिंह दहिया जी ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। भाजपा सरकार ऐसे वीरों के इतिहास को स्कूलों और समाज तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर अनिता कुण्डू, योगेश सिलानी हिसार से धर्मबीर जाखड़, राजपूत सभा के अध्यक्ष में गुलशन,धर्मबीर सरपंच मनाली, सरपंच नरेश, नवीन सरंप पदम श्रीकंवल सिंह चौहान, भैरा सरपंच जयराम, संजय चेयरमैन, रविन्द्र सरपंच, ताहर सिंह चौहान, मास्टर सरदार सिंह दहिसरा, राकेश सरपंच बढख़ालसा, बिलू सरपंच, इन्द्र चौहान मण्डल अध्यक्ष, रिंकू सरपंच,जयदीप रोमन कोर्ट प्रधान, सुभाष सिसोदिया, रमेश बढख़ालसा, दिनेश मनोली, चरण सिंह चौहान, कुनालजीत सिंह, सरपंच नाहरा, उमेश दहिया ,दहिया खाप के 514 प्रधान सुरेन्द्र दहिया, पृथ्वी चौहान आदि मौजूद थे।

## बलिदान दिवस पर कार्यक्रम में हों शामिल : खरखौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

रविवार को विधायक पवन खरखौदा ने मंडोरा गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया का 350 वां बलिदान दिवस 14 नवंबर को राई स्थित राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में मनाया जाएगा। इसलिए इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दादा कुशाल सिंह दहिया दिए गए बलिदान और देशभक्ति को नमन करें। इसलिए 14 नवंबर को दादा कुशाल सिंह के बलिदान को नमन करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दें। उन्होंने कहा कि आईएमटी खरखौदा में इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला को लाने की बात चली हुई है। दो बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों के आईएमटी में स्थापित होने से यहां की आर्थिक स्थिति और औद्योगिक तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी।



### युवाओं के लिए नए आयाम होंगे स्थापित

विधायक ने कहा कि कंपनी के यहां स्थापित होने से युवाओं के लिए रोजगार, प्रशिक्षण की दिशा में नए आयाम स्थापित होंगे। विधायक पवन खरखौदा ने मंडौरा के शिव मंदिर के लिए एक लाख रुपए व महंत की कुटिया के निर्माण के 31 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस मौके पर सरपंच प्रिया देवी, तिलक राज, नपा उप चेयरमैन मुकेश सैनी, मंडल अध्यक्ष नरेश पाराशर, अक्षय कौशिक, दीपांशु, बिट्टू, संदीप पाराशर व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप


सोनीपत। कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी एवं स्कूल स्टाफ।

### लैंग्वेज एंड लिटरेचर विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम लैंग्वेज एंड लिटरेचर विषय पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 65 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन ज्योति मलिक और मुकेश रहीं, जिन्होंने अपने समृद्ध अनुभव और ज्ञान के माध्यम से शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि इससे भाषा एवं साहित्य शिक्षण में नई दृष्टि और ऊर्जा प्राप्त हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने संसाधन व्यक्तियों तथा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### श्री राम परिवार ने अग्रवाल धर्मशाला में धार्मिक कार्यक्रम का किया आयोजन

# मंदोदरी के समझाने पर भी नहीं माना रावण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में श्री राम परिवार, सोनीपत द्वारा श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्री रामकथा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के प्रमुख ओमप्रकाश अरोड़ा ने बताया कि श्री रामचरित मानस के अंतर्गत मंदोदरी ने रावण को समझाया था कि पराई स्त्री को इस तरह अपहरण करके लाना धर्म के खिलाफ है। रावण नहीं माना उसने मंदोदरी की बात को मजाक में उड़ा दिया। अपने पति के दोषों के बावजूद मंदोदरी रावण से प्रेम करती है और उन्हें धर्म के मार्ग पर चलने की सलाह देती है। वह बार-बार रावण को सीता राम के पास लौटाने की सलाह देती है लेकिन उनकी सलाह अनसुनी कर दी जाती है। रामायण में रावण के प्रति उनके प्रेम और निष्ठा की प्रशंसा की गई है। इस अवसर पर पवन सहगल, ललित बत्रा, राकेश बहल, सूरजकांत, दिनेश अरोड़ा, महेश पांडेय, धीरज, राजन मनचंदा, कमल उपस्थित थे। तत्पश्चात आरती एवं लंगर प्रसाद के साथ संपन्न हुआ।

श्री सुन्दरकांड का पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्री रामकथा का कार्यक्रम आयोजित किया


सोनीपत। अग्रवाल धर्मशाला में कार्यक्रम के दौरान मौजूद श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

## आर्य समाज काठमंडी में अथर्ववेद महायज्ञ 11 से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्थानीय काठ मण्डी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 11 नवम्बर से अथर्ववेद पारायण महायज्ञ शुरू होगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस आशय की जानकारी आर्य समाज के मंत्री कपिल देव ने दी।


सोनीपत। आर्य समाज काठमंडी के मंत्री कपिल देव।

### कार्यक्रम की रूपरेखा

मंत्री कपिल देव ने बताया कि 11 नवम्बर से 14 नवंबर तक प्रातः व सायं में अथर्ववेद पारायण महायज्ञ होगा जबकि 15 व 16 नवंबर को मुख्य कार्यक्रम में प्रातः में यज्ञ, वेद प्रचार व भजनोपदेश होगा। इस महायज्ञ में पानीपत के प्रसिद्ध वैदिक प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा वेदपाठ करेंगे। कपिल देव ने बताया कि 15 व 16 नवंबर को आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष पर इस संस्था के 39वें वार्षिकोत्सव को धूमधाम से मनाया जाएगा। महर्षि दयानंद सरस्वती की क्रांतिकारी एवं समाज सुधारक विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रसिद्ध भजनोपदेशक सहदेव बेधड़क को आमंत्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त वार्षिकोत्सव में आर्य समाज की ओर से समाज के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपना विशेष योगदान देने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आर्य समाज के उत्सव को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के लोगों को यज्ञ में यजमान बनने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## विधायक ने कुमासपुर गांव में बीसी चौपाल निर्माण का किया शिलान्यास


राई। विधायक कृष्णा गहलावत का शिलान्यास कार्यक्रम में स्वागत करते बीसी समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

- गांव में पहुंचने पर बीसी समाज के लोगों ने विधायक का स्वागत कर आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हलके के गांव कुमासपुर में रविवार को विधायक कृष्णा गहलावत ने बीसी चौपाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। गांव में पहुंचने पर बीसी समाज के लोगों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हरियाणा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर काम कर रही है। समाज के हर वर्ग को समान अवसर और सुविधाएं मिले, यही सरकार की प्राथमिकता है।

### चौपाल का निर्माण आपसी सहयोग को करेगा मजबूत

*विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि बीसी चौपाल का निर्माण गांववासियों के आपसी संवाद और सामाजिक एकता को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह समारोह हमारे वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण करने और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने का अवसर है। ग्रामीणों ने बीसी चौपाल के निर्माण करवाने पर विधायक कृष्णा गहलावत का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राई विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। बीसी चौपाल का निर्माण गांव के सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों और जनहित के कार्यों में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता अनिल आंतिल, जे.पी. रेवली, संजय, सतेंद्र सरपंच, सतपाल ठेकेदार, प्रदीप, विष्णु, कृष्ण, ओमप्रकाश, राजू शर्मा, विशाल, जयभगवान पंडित, जयकिशन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।*


गन्नौर। पूर्व क्रिकेट कोच रामकरण के परिवार के सदस्यों से बातचीत करती पूर्व विधायक निर्मल चौधरी। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार को दी सांत्वना

**गन्नौर।** पूर्व विधायक निर्मल चौधरी रविवार को पूर्व क्रिकेट कोच रामकरण के आवास पर जाकर उनके परिवार से मिली। उन्होंने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और दुख की इस घड़ी में हर संभव सहायता का भरोसा दिया। निर्मल चौधरी ने कहा कि कोच रामकरण को न्याय दिलाने के लिए वह पूरी मजबूती से परिवार के साथ खड़े हैं और प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करेंगे। इस दौरान नगरपालिका पार्षद राजेश शर्मा, भूषण हसीजा, महक फौगाट और मुकेश भी उनके साथ मौजूद रहे।


गन्नौर। विधायक देवेन्द्र कादियान स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए।

### युवाओं को सामाजिक अभियानों में निभानी चाहिए सक्रिय भागीदारी : कादियान

- पटेल नगर में निशुल्क नेत्र जांच व रक्तदान शिविर का आयोजन

**गन्नौर।** पटेल नगर में रविवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक देवेंद्र कादियान ने किया, जबकि अध्यक्षता ओमबीर मलिक ने की। डा. रीना अहलावत व उनकी टीम ने 100 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की और लोगों को आंखों की देखभाल व सावधानी के उपाय बताए। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 45 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। विधायक कादियान ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से सामाजिक अभियानों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। अंत में भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर दलबीर, जगदेव, रणबीर, चांद मालिक, राजेश, गौरव व नीरज मौजूद रहे।

## कर्नल अरूण खेल जगत में उपलब्धियों के लिए सम्मानित

### भारतीय सेना के स्वर्णिम अधिकारी से आयरनमैन तक का सफर गर्वित करने वाली उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

**साहस,** अनुशासन और आत्मविश्वास की मिसाल बने कर्नल अरुण मलिक (सेवानिवृत्त) ने यह साबित कर दिया है कि जुनून और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। भारतीय सेना में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर और प्रेसीडेंट्स गोल्ड मेडल जैसे सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करने वाले कर्नल अरुण मलिक ने सेवा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लेकिन अपने कैरियर के शिखर पर उन्होंने एक अप्रत्याशित निर्णय लेते हुए समय से पूर्व सेवानिवृत्ति ली और अपनी असली रुचि एथलेटिक्स को जीवन का लक्ष्य बना लिया। सेना की वर्दी उतारने के बाद उन्होंने कठिनतम चुनौती को अपनाया, जिसमें 3.8 किलोमीटर तैराकी, 180 किलोमीटर साइकिलिंग और 42.2 किलोमीटर दौड़ शामिल है। अब तक वह 13 देशों में 17 आयरनमैन ट्रायथलॉन पूरी कर चुके हैं। लगातार पांच वर्षों तक अपने आयु वर्ग में नम्बर वन आयरनमैन बने रहने का गौरव उन्होंने हासिल किया है। इसके साथ ही आल वर्ल्ड सिलवर एथलेटिक स्टेटस प्राप्त है, जो उन्हें विश्वभर के शीर्ष 5 प्रतिशत आयरनमैन खिलाडिय़ों में शामिल करता है।


गन्नौर। उपलब्धियों के लिए चीफ आफ आर्मी की तरफ से कर्नल अरूण मलिक को डिप्टी चीफ आर्मी स्टाफ सम्मानित करते। फोटो : हरिभूमि

### वर्तमान में कर्नल बीएफआई के सीईओ के रूप में कार्यरत

वर्तमान में कर्नल अरुण मलिक भारतीय बॉक्सिंग महासंघ (बीएफआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में हाल ही में भारतीय सेना ने भी उन्हें वैश्विक खेल जगत में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। 55 वर्ष की आयु में भी वे हर वर्ष में आयरमैन एथलेटिक में हिस्सा लेकर युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। कर्नल मलिक ने बताया कि सच्चा सैनिक कभी रुकता नहीं चाहे वर्दी में हो या खेल के मैदान में। उनकी उपल्बिध पर उनके भाई कर्नल सुरेन्द्र मलिक व शहर के लोगों ने बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**प्रतियोगिता** स्वर्णप्रस्थ स्कूल में लीग के प्रथम चरण का आयोजन

# क्रिएटिविटी लीग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

- हरियाणा और पंजाब राज्य के विविध विद्यालयों से लगभग 300 ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में युवाओं के नवीन अनुसंधान, रचनात्मकता और भविष्य निर्माण की सकारात्मक सोच को नई दिशा एवं दशा देने के उद्देश्य से क्रिएटिविटी लीग के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। हरियाणा और पंजाब राज्य के विविध विद्यालयों से लगभग 300 से अधिक छात्रों ने अपनी दूरदर्शी परियोजनाओं का प्रदर्शन विभिन्न श्रेणियों में किया, जिनमें से निर्णायक मंडल द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर सफल प्रतिभागी अगले दौर में प्रवेश किए।चैतन्य साहू द्वारा संचालित अखिल भारतीय प्रतिष्ठित क्रिएटिविटी लीग की मेजबानी की। निर्णायक मंडल के सदस्यों में डॉक्टर तौपुरी योगेश, देवांश राघव एवं आशना मिश्रा शामिल रहे। निर्धारित मानकों के आधार पर 6 टीमें एस्ट्रोप्रेन्योर एवं 10 टीमें रोबोक्वेस्ट जूनियर तथा 2 टीमें रोबोक्वेस्ट सीनियर श्रेणी में अगले दौर में प्रवेश की हैं। विद्यालय के मुख्याध्यापक एस.पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक, नीतू मलिक मौजूद रहे।



राई। क्रिएटिविटी लीग में प्रतिभाग करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रताप स्कूल प्रबंधन।

### हरियाणा ओलंपिक में प्रताप स्कूल के तमन्ना और आदित्य ने वेटलिफ्टिंग में जीते पदक

**खरखौदा।** प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों तमन्ना व आदित्य ने फरीदाबाद में आयोजित हरियाणा ओलंपिक गेम्स वेट लिफ्टिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। विजेता खिलाड़ियों के विद्यालय में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, अमित चहल तथा प्राचार्या दया दहिया ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओम प्रकाश दहिया ने कहा कि आज हमारे लिए गर्व का अवसर है कि प्रताप स्कूल के होनहार खिलाड़ियों तमन्ना और आदित्य यूथ नेशनल चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीत चुके हैं और देश के शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम दर्ज कर चुके हैं। अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने विजेताओं को सम्मानित किया।